**जनपद - संतकबीरनगर                    प्रेस विज्ञप्ति                 दिनॉक 23-04-2021**

आज दिनांक 23.04.2021 को पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **डा0 कौस्तुभ** के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य –

**शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 06 अभियुक्त गिरफ्तार**

- **थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

## पीआरवी आफ द डे

**पीआरवी 2545 द्वारा मारपीट / विवाद में घायल व्यक्ति को पहुंचाया गया अस्पताल–** पीआरवी 2545 को थाना थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत मुण्डेरा से इवेन्ट संख्या 05708 से कालर ने दो पक्षों के बीच मारपीट / विवाद होने के संबन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा 07 मिनट में पहुंचकर मारपीट / विवाद को शांत कराकर प्रतिवादी को विधिक कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली खलीलाबाद को सुपुर्द किया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर एक बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया गया, जिसकी स्थानीय व्यक्ति द्वारा सराहना की गयी।

**पीआरवी स्टाफ** – मु0आ0 हरिद्वारा सिंह, म0मु0आ0 माधुरी मिश्र, म0आ0 प्रेमा विन्द, हो0चा0 रवीन्द्र यादव।

**मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 84 वाहनो से 67000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया**

आज दिनांक 23.04.2021 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 84 वाहनो से 67000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।